Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to implement National Register of Citizens (NRC) Act and ouout the Bangladeshis from Godda Parliamentary Constituency and surrounding area in Jharkhand, Bihar and West Bengal.

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): माननीय सभापति जी, मैं झारखंड के संथाल परगना से आता हूं । मैं लगातार पिछले 12-13 सालों से संसद में लगातार आवाज़ उठा रहा हूं कि हम यहां बांग्लादेशी घुसपैठियों से बहुत परेशान हैं । हमारे इलाके की पूरी डेमोग्राफी, चाहे गोड्डा हो, साहबगंज हो, देवघर हो, टापुर हो, या जमतारा हो, या बिहार में चाहे कटिहार हो, अररिया हो, किशनगंज हो, मुर्शिदाबाद हो, मालदा हो, बदल गई है । आजादी के समय जिस इलाके में मुस्लिम्स की पापुलेशन 30 प्रतिशत थी, आज वह 70 से 90 परसेंट तक हो गई है ।

वह सब केवल हिन्दू-मुस्लिम का सवाल नहीं है । वे सभी बांग्लादेशी हैं । झारखंड में जब हमारी सरकार थी, तो हमारे मुख्य मंत्री ने साहिबगंज एक पर्टिकुलर जिले के लिए एनआरसी की डिमांड की थी और केंद्र सरकार से कहा था कि एनआरसी लागू होना चाहिए ।

मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह है कि पूरे झारखंड में, बिहार के उस इलाके में और बंगाल में एनआरसी लागू करके हम लोगों को बांग्लादेशी घुसपैठिए से मुक्त कराइए । गांव, गरीब, किसान और लेबर का जो एक क्राइसिस है कि हम लेबर को रोजगार नहीं दे पा रहे हैं, उससे हम लोगों को मुक्त कराइए । आपने मुझे समय दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

जय हिन्द, जय भारत ।